# पर्यटकों को धार्मिक स्थलों के लिए 14 पैकेज मिलेंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रयागराज में अगले साल आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आध्यात्मिक आयोजन में लगभग 50 करोड़ श्रद्धालु / पर्यटकों के आने की संभावना है। आगंतुकों की सहूलियत का खास ख्याल रखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने पर्यटकों के लिए निर्धारित दरों पर 14 पैकेज तैयार किए हैं।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि प्रयाग दर्शन पैकेज के तहत प्रति व्यक्ति 3 से 4 लोगों को कार से भ्रमण कराने की व्यवस्था है। इसके लिए प्रति व्यक्ति 2020 रुपये भुगतान करने होंगे। इसी तरह इनोवा गाड़ी से 5 से 6 लोगों को भ्रमण कराने की योजना है। इनोवा से घूमने इच्छुक लोगों को प्रति व्यक्ति 1640 रुपये खर्च करने होंगे। न्यूनतम 10 लोगों तक के लिए अरबानिया (फोर्स की 16 सीटर) की भी सुविधा है. जिसमें प्रति व्यक्ति 1330 रुपये व्यय करने होंगे। संगम नगरी प्रयागराज से धर्मनगरी वाराणसी के लिए भी विशेष पैकेज का प्रबंध किया गया है। कार से 3-4 लोगों के भ्रमण की व्यवस्था की गई है जिसके लिए 2560 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करने होंगे।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीएसटीडीसी की ओर से प्रयागराज विंध्याचल-वाराणसी का खास दो दिन व एक रात का टूर पैकेज तैयार किया गया है। डिजायर कार से प्रति व्यक्ति 5390 रुपये जबकि इनोवा से 4545 रुपये किराया तय किया गया है। इसी प्रकार यूपीएसटीडीसी की ओर से वृद्धजनों के लिए प्रयागराज विंध्याचल-वाराणसी का खास दो दिन व एक रात का टूर पैकेज तैयार किया गया

## वेबसाइट पर पैकेज



उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा तैयार इन 14 टूर पैकेज में से एक से एक धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों के भ्रमण की व्यवस्था की गई ही। महाकुंभ-2025 के दौरान दुनियाभर से आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों के लिए विभिन्न पैकेज तैयार किए गए हैं। अगर आप भी बुकिंग कराने के इच्छुक हैं तो आपको यूपीएसटीडीसी की ऑफिसियल वेबसाइट पर विजिट करना होगा। यहां आप अपनी पसंद के पैकेज को यहां से चुन सकते हैं।

कार्या